हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

09 पताका और तोरण से सजे घर द्वार झिलमिलाएंगे दीप...



10 दीपोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल आंगन में सजाई गई आकर्षक...



ISHAAN RESIDENCY
Site add : Ordnance Factory Main Road, Beside Four Lane, Itarsi (M.P.)
Booking Contact :+91-7000058274, 8989570346
Amenities
- Grand Entrance Gate
- Covered Campus
- 24/7 Security
- All CC Roads
- Underground Sewage
- Underground Water Pipeline
- Stunning Street Lights
- Park And Open Space
- Avenue Plantation Along The Roads

Finance Available By All Nationalised Banks

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
ISHAAN RESIDENCY

Classic REFINED SOYABEAN OIL
चुनो शुद्धता, चुनो खुशियां
समस्त नगरवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
ISO 22000:2018 Certified Company
KN AGRI RESOURCES LIMITED
Factory : 30-31, Industrial Area, Kheda, ITARSI (MP) 461111
Regd. Office : K.N Building, Subhash Road, RAIPUR (CG) 492001
Tel.: 07572- 292026, 230900, 292058
Email: itarsi@kngroup.in Web: www.kngroup.in
We grow with agro!

HAPPY Diwali
ठहरने की उत्तम व्यवस्था
होटल सूर्या
चिकमंगलू चौराहा, इटारसी

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सभी प्रकार की स्वादिष्ट मिठाईयाँ • ड्रायफ्रुट गिफ्ट पैक
सभी प्रकार की चॉकलेट गिफ्ट पैक • शुद्ध दूध से बनी मिठाईयाँ
छैने की मिठाईयाँ
नॉवेल्टी फुड
सेलीब्रेशन एवं रेस्टॉरेन्ट
द्वारकाधीश मंदिर के पास, पुराना फल बाजार, इटारसी

दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत अग्रवाल (पिन्टू)
सदस्य, जिला विकास सलाहकार समिति नर्मदापुरम
जिला अध्यक्ष, म.प्र. अग्रवाल महासभा

सभी नगरवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्ध देशी मावे की मिठाई
छैने की मिठाईयाँ
एक मात्र स्थान
गणेश स्वीट्स
जयस्तंभ चौक, इटारसी

किशोर रेस्टोरेंट की ओर से सभी को
दीपावली एवं नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
पिछले 50 वर्षों से आपकी सेवा में कार्यरत
स्वादिष्ट एवं लजीज़ व्यंजनो व भोजन
की एकमात्र उत्तम व्यवस्था
किशोर रेस्टोरेंट
जवाहर बाजार, इटारसी, मो. 9424410317, 9406940420
सौजन्य से - दुबे जनरल स्टोर्स, 26 न्यू मार्केट, इटारसी

प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
डेल्टा लाल पैथोलॉजी सेन्टर
हमारे यहां सभी प्रकार की पैथोलॉजी की जांच की सुविधा उपलब्ध है
सभी पैथोलॉजिकल जांचे
क्वालिटी कंट्रोल के अंतर्गत की जाती है
पैथोलॉजी खुलने का समय
शनिवार सुबह 8 से रात्रि 8:30 तक
रविवार सुबह 8:30 से दोप. 12:20 तक
HOME COLLECTION FACILITY AVAILABLE 6260610923
संचालक ब्रजेश गुप्ता मो. 9826285314, 6260610923

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
MAHESH Nanrang MAHESH CUPS MAHESH PEPPERY CHIPS MAHESH 30% Extra
मेहमान नमकीन
सभी प्रकार के नमकीन
के निर्माता एवं थोक विक्रेता
पटोला इंडस्ट्रीज, खेडा इटारसी

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
अर्पित जैन
शासकीय ठेकेदार

शुभ प्रसंग सांई नाथ नमकीन के संग
स्वाद ऐसा पेट भर जावे पर मन ना भरे
SAINATH Namkeen
Sainath Namkeen
Sainath Namkeen Udhyog, Surajganj Chouraha, Itarsi Ph. : 07572-404649
Sainath Namkeen Post Office Road,, Itarsi Mob. : 9907596555

दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
सरदार मेडिकल
जवाहर बाजार इटारसी

EXPRE22 GROUP SINCE 2000
Happy diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
May this Diwali bring renewed hope and prosperity
Hotel Express II | Express Nutriments India Pvt. Ltd | Express Food Services

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY Diwali
ब्यूटी ज्वेलर्स
द्वारकाधीश मंदिर के सामने, इटारसी

RAJAT
सही काम... सही दाम...
Jewellers
रजत ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
सराफा बाजार, इटारसी 9425039938, 9752371001

Bharat Petroleum
energising lives
प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी पेट्रो पाइंट
ग्वाल बाबा मंदिर के पास,
नाला मोहल्ला, डोलरिया रोड
मो 9425444328 4, 7898830647

बैतूलवासियों को दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

संजय द्विवेदी, जिला ब्यूरो प्रमुख ,हरिभूमि बैतूल



संकलन-प्रचार पब्लिसिटी (बैतूल जिले की सबसे पुरनी एड एजेंसी :- 9425382122)

मेसर्स चंदूमल सन्मुखदास
दीपोत्सव पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
(शक्कर, तेल व खल्ली के थोक विक्रेता)
संचालक : थारवानी ब्रदर्स,
पता : बैतूल गंज-9425002123



दीपोत्सव के पर्व दीपावली की समस्त
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मा. हेमंत खंडेलवाल
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक बैतूल

विशेष सूचना
दीपावली के शुभ अवसर पर
पूजा स्वीट्स, बापू स्वीट्स एवं बापू की कचौरी
के प्रतिष्ठानों पर मिठाई की खरीदारी के साथ
'श्री लक्ष्मी-गणेश जी आरती संग्रह'
अवश्य प्राप्त करें।
आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!

PJ
शुभ पुष्य नक्षत्र
सौंदर्य की नजाकत
उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है
सोने एवं चाँदी के आधुनिक आभूषणों के विक्रेता



पगारिया ज्वेलर्स
गांधी चौक, कोठीबाजार, बैतूल (म.प्र.)
7869170009
संचालक लोकेश पगारिया



बैतूलवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकानाएं



मा. राजासिंह ठाकुर
मा. अरूणसिंह किलेदार
मा. राजेन्द्रसिंह किलेदार
मा. प्रदीपसिंह किलेदार

सौ : आर.एस.के. कंस्ट्रक्शन्स कम्पनी प्रा.लि. बैतूल

Dhanshree Jewellers
जहाँ विश्वास ही परंपरा है
धन, सुख और समृद्धि के महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ...
शुभ धनतेरस एवं शुभ दीपावली
माँ लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों का प्रकाश हमेशा बना रहे।
इस शुभ अवसर पर अपने पसंदीदा आभूषणों की खरीदारी करें और पाएं विशेष त्योहारिक लाभ!
Gold Jewellery | Diamond Jewellery | Silver Jewellery | Gems | Customized Design | Repair & Consultancy
Gandhiward -6, Thana Rd, Kothi Bazar, Betul (M.P.) - 460001 | 07141-404690 | 8989413452
dhanshreejewellers_btz | Dhanshree Jewellers | https://youtube.com/@dhanshreejewellers
visitmyprofile.in/dhanshree-jewellers | dhanshree.ushab@gmail.com
Since 1997

दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
PTC सुपरबाज़ार
किराना एवं जनरल की संपूर्ण रेंज
बस स्टेण्ड के पास, कोटी बाजार



किराना एवं जनरल आयटम की संपूर्ण रेंज, नया स्टॉक विभिन्न क्वालिटी/वैरायटी में, बस स्टैन्ड के पास, कोठीबाजार बैतूल
सहयोगी प्रतिष्ठान - लक्खू सेठ चावल वाले,
प्रयाग ट्रेडिंग कंपनी (प्रोपा.- संजय जैन)

आज तक की एंट्री सेगमेंट की सबसे किफायती मोटरसाइकिल!
Hero
HF Deluxe
बाइक दमदार, दाम शानदार!



एक्स शोरूम कीमत ₹59,999*
ऑन रोड कीमत ₹71,999*
माइलेज 72 km/l*
18 इंच ट्यूबलेस टायर | 100cc इंजन (दमदार परफॉर्मेंस) | सेल्फ स्टार्ट | सुपर माइलेज
*TEC Apply



शुद्धता की गारंटी ही हमारी पहचान है
बीकानेर मिष्ठान भण्डार



- ड्रायफ्रूड मिठाईयां, शुद्ध घी की मिठाईयां, बंगाली मिठाईयां, शुगर फ्री
- मिठाईयां, 56 प्रकार की मिठाईयां उपलब्ध हैं, 21 प्रकार के नमकीन उपलब्ध हैं।

पता : लल्ली चौक के पास, कोठी बाजार, बैतूल
ब्रांच: हिरानी एण्ड सन्स के सामने, गंज, बैतूल सम्पर्क : 9522777888

विश्वास का नाम
महावीर मिष्ठान भंडार
मिठाइयाँ ही मिठाइयाँ



हमारे यहाँ सभी प्रकार की
मिठाइयाँ उपलब्ध हैं
गुजिया, मैवा मिठाई, बर्फी, काजू कतली, नमकीन- सेव
धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
महावीर मिष्ठान भंडार सीमेंट रोड जैन मंदिर के सामने कोठीबाजार बैतूल
महावीर स्वीट्स सदर बाजार, बैतूल



KHANDELWAL AUTOMOBILES
खंडेलवाल हीरो
बी.जे.पी. भवन रोड, गंज बैतूल 9425005804



घरेलू साज-सज्जा की सभी सामग्री शानदार रेंज में
उच्चतम क्वालिटी-उचित दाम
बोथरा होम फर्निशिंग
होम डेकोर आयटम्स की ए टू जेड वैरायटी



- बेड शीट्स
- रेडिमेड परदे
- सोफा क्लॉथ
- सोफा कवर
- पर्दा क्लाथ
- पिलो
- कुशन
- बूस्टर
- पिलो कवर
- कुशन कवर
- टेबल कवर
- बूस्टर कवर
- गलीचे
- डायनिंग टेबल मेट्स
- कम्फर्ट्स
- बेड शीट कम्फर्ट्स सेट
- स्लिपवेल मेट्रेसेस गद्दा कपड़ा सहित गृह सज्जा की सभी सामग्री

त्यौंहारों के सीजन में अपने घर को दे शानदार नया लुक
बोथरा शॉपिंग सेंटर, गांधी चौक- कोठीबाजार, बैतूल, मो. 9406939001

दीपावली पर कई अत्यंत दुर्लभ और शुभ ज्योतिषीय संयोग

पतीका और तोरण से सजे घर द्वार झिलमिलाएंगे दीप, आएंगी महालक्ष्मी

नर्मदांचल में हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। जिसके लिए बाजारों में दो दिनों पहले ही तैयारी हो चुकी है। शुभ मुहुर्त में मां लक्ष्मी की पूजन की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में दीपावली की धूप है। दीपोत्सव को लेकर शहर सज गया है और लोग मां लक्ष्मी की आगमन की तैयारी में जुट गए हैं । आज महासंयोग में पूजा पाठ होगा। इस बार मां लक्ष्मी हाथी पर सवार होकर आ रही हैं । दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। हर घर में मां लक्ष्मी, कुबेर गणेश की पूजा होगी। इसके साथ ही घर मंदिर को तोरण पताका से सजाया गया है । शहर रोशनी से नहा गया है और जगमग हो गया है । घाट और मंदिरों में विशेष साज सज्जा हुई और यहां पर हजारों की संख्या में दीप झिलमिलाएंगे । इसके साथ ही इसके पहले रूप चौदस पर भी लोगों ने पूजा पाठ कर दिए जलाए। इसे छोटी दिवाली भी कहते हैं । वहीं शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है और लोग पटाखा बाजार और त्योहारी बाजार से जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इसके साथ ही सेठानी घाट पर बिराजी महालक्ष्मी के दर्शन के लिए भी श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। स्वाति नक्षत्र और आयुष्मान योग में दीपोत्सव मनाया जा रहा है।

बाजारों में उमड़ी भीड़ सजी दुकानें

दीपावली के चलते बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। त्यौहारी बाजार में जमकर लोगों ने खरीदारी की पटाखा बाजार में भी लोग पहुंचे । इसके साथ ही विद्युत साज सज्जा से भी घर सजाए गए। घर आंगन लीप पोत कर तैयार हुए और लक्ष्मी माता का आगमन की तैयारी में लोग जुट गए हैं।



सुरक्षा के भुगतान इंतजाम चेकिंग अभियान चले

शहर में दीपोत्सव के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यातायात द्वारा चार पहिया वाहन मेन मार्केट में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। वहीं बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन सहित मेन मार्केट में भी चेकिंग अभियान चलाया जा रहे हैं। खाद्य पदार्थों की चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही अवैध पटाखा सहित सुरक्षा के चलते हर जगह पुलिस बल देना किया गया है।

प्रमुख ज्योतिषीय संयोग और योग

ज्योतिषाचार्य पंकज पाठक ने बताया कि बुधादित्य राजयोग तुला राशि में सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है, जो बुद्धि, कार्यक्षमता और मान-सम्मान के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। शुक्रादित्य योग तुला राशि में सूर्य और शुक्र के एक साथ आने से शुक्रादित्य योग बन रहा है। दीपावली का पर्व स्वाति नक्षत्र, आयुष्मान योग और सौभाग्य योग के शुभ संयोग में मनाया जाएगा। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों तुला राशि में रहेंगे। स्वाति नक्षत्र एवं अन्य शुभ योग इस दिन स्वाति नक्षत्र के साथ-साथ आयुष्मान योग और सौभाग्य योग का महासंयोग रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस बार रविवार के दिन दीपावली होने के कारण माता महालक्ष्मी गज (हाथी) वाहन पर सवार होकर आएंगी, जिसे व्यापार, व्यवसाय और समृद्धि के लिए बहुत शुभ संकेत माना जा रहा है। दीपावली पर स्थिर संज्ञक वृश्चिक लग्न प्रातः 07.35 से 09.51, व 09.38 से 12.21 चंचल लाभ अमृत वेला अभिजित वेला दिन में 12.00 से 12.43 बजे तक। स्थिर कुंभलग्न व शुभ वेला दिन में 01.39 से 03.09 बजे। गोधुलिक प्रदोष वेला सायंकाल 05.47 से 08.11 (वृषभलग्न 06.15 से 08.11) रात्रि 08.11 से 10.30 अमृत चंचल वेला में श्रेष्ठ रहेगा । स्थिर संज्ञक सिंह लग्न मध्य रात्रि 12.43 से 02.58 बजे तक श्रेष्ठ रहेगा ।

नव विवाहित दंपती की संदिग्ध अवस्था में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



समीपस्थ ग्राम आंखमऊ हृदयविदारक घटना घटी जब एक नव विवाहित दंपती की संदिग्ध मौत होई गई। घटना शुक्रवार शाम की है। घटना में 23 वर्षीय आदर्श यादव का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि उसकी 21 वर्षीय पत्नी भारती बेड पर अचेत अवस्था में पड़ी थी। कमरा अंदर से बंद था। भारती 6 माह की गर्भवती थी। घटना में गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई। दोनों चार दिन पहले ही नया गांव पथरोटा से भारती के नाना-नानी के घर मेहमानी में आए थे। शुक्रवार शाम भारती के भाई सिद्धार्थ ने खिड़की से झांककर देखा तो कमरे में दोनों के शव नजर आए। परिजन दरवाजा तोड़कर उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्या और आत्महत्या समेत सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

भारती के भाई सिद्धार्थ यादव ने बताया कि शुक्रवार को वह किसी काम से माखननगर गया था। घर पर नाना-नानी के साथ जीजा आदर्श और बहन भारती मौजूद थे।

शाम को लौटने के बाद वह दोनों को पहली मंजिल पर बुलाने पहुंचा, लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की से अंदर झांककर देखा। आदर्श के पैर फंदे से लटके दिखाई दिए, जबकि भारती बेड पर अचेत पड़ी थी। उसने नीचे मौजूद नाना-नानी को आवाज दी। इसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को भारती के शव का पोस्टमार्टम नर्मदापुरम जिला अस्पताल में दो डॉक्टरों की टीम ने किया। आदर्श का पोस्टमार्टम माखननगर में कराया गया। घटना में गर्भस्थ शिशु की भी मौत हुई है। सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह ने बताया कि नवदंपती के शव बंद कमरे में मिले हैं। मृतका गर्भवती थी, इसलिए उसका पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया।पुलिस हत्या और आत्महत्या समेत हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।



एलकेजी द ग्रैंड एवेन्यू बना आधुनिक आवासीय विकास की नई पहचान

अब सिर्फ जमीन नहीं, बेहतर जीवनशैली चुन रहे हैं इटारसी के लोग



100 एकड़ में आकार ले रहा सुनियोजित टाउनशिप का सपना, 1000 से अधिक परिवारों का भरोसा, चौथे फेज की बुकिंग हुई शुरू

बिजनेस न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

किसी भी शहर की तरक्की सिर्फ ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और बढ़ते बाजारों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से भी पहचानी जाती है कि वहां रहने वाले लोगों के लिए भविष्य की कैसी आवासीय सुविधाएं विकसित हो रही हैं। बदलते इटारसी में अब घर और जमीन को लेकर लोगों की सोच भी बदल रही है। लोग केवल एक प्लॉट खरीदने के बजाय ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जहां आने वाले वर्षों में उनका परिवार एक बेहतर वातावरण और सुनियोजित रहन-सहन का अनुभव कर सके। इसी बदलती सोच के बीच LKG द ग्रैंड एवेन्यू कॉलोनी ने इटारसी के आवासीय विकास में अपनी अलग पहचान बनाई है।लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रही यह आवासीय परियोजना आकार और परिकल्पना दोनों लिहाज से शहर के लिए एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इसकी खासियत केवल इसका विस्तृत क्षेत्रफल नहीं, बल्कि इससे जुड़ा लोगों का भरोसा भी है। अब तक 1000 से अधिक परिवार इस परियोजना से जुड़ चुके हैं। लगभग 4000 सदस्यों का यह आवासीय परिवार इस बात का संकेत है कि इटारसी में भी अब बड़े और सुनियोजित आवासीय विकास के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है।

कॉलोनी चुनते समय केवल प्लॉट नहीं

आज के दौर में जमीन खरीदने का फैसला पहले की तुलना में कहीं अधिक सोच-समझकर लिया जा रहा है। जागरूक खरीदार अब केवल प्लॉट की कीमत और उसके आकार तक सीमित नहीं रहते। वे यह भी देखते हैं कि लेआउट कितना व्यवस्थित है, सड़कें कैसी हैं, आने वाले समय में आसपास का विकास किस दिशा में होगा और आवासीय क्षेत्र की समग्र योजना कितनी बेहतर है। इसी नजरिए से चौड़ी सड़कों, नियोजित लेआउट, व्यवस्थित इन्फ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक आवासीय सुविधाओं की अवधारणा LKG द ग्रैंड एवेन्यू को एक बड़े आवासीय प्रोजेक्ट के रूप में प्रस्तुत करती है।

दीपावली पर मढ़ई घूमने आए पर्यटक हुए खुश

सोहागपुर। दीपावली अवकाश में कई पर्यटक पचमढ़ी व मढ़ई क्षेत्र में घूमने आए हैं। शुरुआती ठंड के इस मौसम में वन्यजीवों का खासा दीदार भी पर्यटकों को हो रहा है। जिससे पर्यटक खुश हैं। इस दौरान टूरिज्म एक्टिविटी अपने चरम पर हैं। पर्यटकों को मढ़ई कोर क्षेत्र एवं बागड़ा बफर जोन में बाघ, तेंदुआ, भालू तथा वाइल्ड डॉग सहित अन्य वन्यजीवों के आसानी से दीदार हो रहे हैं।











खाद्य सामग्री के बढ़ते दामों ने बिगाड़ा बजटः गुड्डन पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



दीपावली के त्योहार से पहले खाद्य सामग्री सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दामों में बढ़ोतरी से आम जनता का बजट बिगड़ रहा है। गेहूं, तुअर दाल, चना दाल, शक्कर, खाद्य तेल, घी, मिठाई और ड्राई फ्रूट्स की बढ़ती कीमतों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों और उल्लास का पर्व है, लेकिन महंगाई के कारण गरीब, मजदूर, किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए त्योहार की तैयारियां करना भी मुश्किल होता जा रहा है। सीमित आमदनी के बीच रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम परिवारों की आर्थिक परेशानियां बढ़ी हैं।

पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण के दावे करती है, लेकिन बाजार में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें इन दावों की वास्तविकता उजागर कर रही हैं। त्योहार के समय सरकार को आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने मांग की कि खाद्य सामग्री की कीमतों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए तथा जमाखोरी और मुनाफाखोरी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को उचित दरों पर आवश्यक वस्तुएं मिल सकें और गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार भी बिना आर्थिक परेशानी के दीपावली का त्योहार मना सकें।

खबर संक्षेप



नहर में डूबने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत

हरदा। हंडिया थाना क्षेत्र के भादुगांव में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे नहर में डूबने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस के मुताबिक, गांव में रहने वाले ठाकुर नाथ का डेढ़ साल का बेटा देवेंद्र और 3 साल की बेटी शिवानी घर के सामने से निकली नहर के पास खेल रहे थे। उस समय परिजन घर की सफाई कर रहे थे। खेलते समय देवेंद्र नहर में गिर गया। उसकी बहन ने रोते हुए परिजनों को बताया। परिजनों ने तलाश की, लेकिन तेज बहाव के कारण देवेंद्र दूर निकल गया। परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। देवेंद्र को पानी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि देवेंद्र अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

मंडी में 11 तक लाल मिर्च की नीलामी रहेगी बंद

खरगोन। दीपावली पर्व के चलते बलवाड़ी मंडी में लाल मिर्च की नीलामी का कार्य 11 नवंबर तक बंद रहेगा। लाल मिर्च व्यापारियों के आवेदन के अनुसार मंडी में उक्त अवधि के दौरान नीलामी कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। मंडी प्रशासन ने किसान बंधुओं से अपील की है कि वे 6 नवंबर शुक्रवार से 11 नवंबर बुधवार तक अपनी कृषि उपज लाल मिर्च विक्रय के लिए बलवाड़ी मंडी में नहीं लाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंडी प्रशासन ने किसानों से निर्धारित अवधि का ध्यान रखते हुए अपनी उपज मंडी में लाने की अपील की है।

दीपावली पर मिलेगा जिला अस्पताल में 24 घंटे इलाज

बैतूल। दीपावली पर पटाखे जलाते समय होने वाली दुर्घटनाओं से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में विशेष इंतजाम किए हैं। पटाखों से जलने, आंखों में चोट लगने और हाथ-पैर कटने जैसी घटनाओं में तत्काल उपचार देने के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं। मेडिकल ऑफिसर और पैरामेडिकल स्टाफ 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। जरूरत पड़ने पर संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं भी ली जा सकेंगी। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने लोगों से अपील की है कि दीपावली पर छोटे बच्चों को पटाखे न जलाने दें। बड़े भी पटाखे जलाते समय बच्चों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि पटाखों से होने वाली छोटी सी लापरवाही भी गंभीर चोट का कारण बन सकती है। उन्होंने सलाह दी कि पटाखे हमेशा खुले और सुरक्षित स्थान पर जलाएं। इस दौरान सूती कपड़े पहनें और पटाखों को हाथ में पकडक़र जलाने से बचें। डॉ. घोरे ने बताया कि अस्पताल में बर्न इंजरी के मरीजों के उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। आंखों में चोट लगने, पटाखों से कटने और अन्य गंभीर चोटों के मामलों में भी तत्काल इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए बेड आरक्षित रखने के साथ मेडिकल ऑफिसर और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

दीपावली आज, घर-आंगन में जलेंगे खुशियों के दीप

दीपोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल आंगन में सजाई गई आकर्षक रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



धन की देवी मां लक्ष्मी का त्यौहार दीपावली, हर्षोल्लास से मनाने की लोगों ने तैयारी पूरी कर ली है। नागरिकों द्वारा मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए अपने-अपने घर प्रतिष्ठानों का रंग रोगन कर आकर्षक रूप से सजा लिया गया है।

नागरिकों को इंतजार है तो बस मां लक्ष्मी की कृपा का, ताकि उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो सके। मां लक्ष्मी के स्वागत में लोगों ने अपने-अपने घर और आंगन को जहां सजा-धजा रखा है, वहीं आकर्षक रंगोलियां भी उकेरी गई है। आज दीपावली पर मां लक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन के उपरांत प्रत्येक घर और आंगन में खुशियों के दीप जलाएं जाएंगे। उसके बाद बड़े बुजुर्गों समेत बच्चों द्वारा आकर्षक रंगीन आतिशबाजी का लुफ्त देर रात्रि तक उठाया जाएगा। वैसे पिछले कई दिनों पूर्व से ही बाजार खील-बताशे, मोरपंख, झाड़ू सहित कमल एवं गेंदे के फूलों की दुकानों से बाजार में सज चुका है। दीपावली पर्व का उत्साह लोगों में इस बार काफी अलग है। वैसे तो धनतेरस से ही पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत हो गई है, लेकिन दीपावली पर पटाखे फोडऩे की ललक बच्चों को सुबह से उत्साहित करती है। दीपावली को लेकर वाट्सएप, फेसबुक, इस्ट्राग्राम, वाट्सएप सहित अन्य एप के माध्यम से दीपावली की शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरु हो गया। दीपावली पर्व पर माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने घरों को बंधनवारों से सजाया जा रहा है।

बाजारों में रही भीड़, जमकर हुई खरीदारी

दीपावली त्यौहार के एक दिन पूर्व शहर के गंज और कोठीबाजार में नागरिकों की खासी चहल-पहल बनी रही। मां लक्ष्मी के पूजन अर्चना में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रह जाए, इसको दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों द्वारा जमकर फूल-पान समेत पूजन की अन्य सामग्रियों की खरीदी की गई। दुकानदारों द्वारा दीपावली को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। इधर सराफा, ऑटोमोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक सामानों की जमकर खरीदारी हुई है। जिला मुख्यालय पर खरीदारी करने के लिए बैतूल से लगे आसपास के गांव के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। बाजार में मिट्टी से बने दीये बड़ी संख्या में बेचने के लिए लाए गए। इस बार लोगों ने मिट्टी से बने दीये की सबसे ज्यादा खरीदारी की। आर्टिफिशियल दीपों से किनारा कर लिया।

जगमग हुए मंदिर और घर

शहर के मंदिरों और घरों में भी दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर आकर्षक रंगाई-पुताई कर विद्युत रोशनी की गई है। इसके अलावा मोहल्ले एवं कालोनियों में स्थित देवी-देवताओं के मंदिरों में भी नागरिकों द्वारा सजावट में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज दीपावली के त्यौहार पर नागरिकों द्वारा मंदिरों में दीपक जलाए जाएंगे, जिससे सभी मंदिर जगमग हो उठेंगे। ऑटोमोबाइल सेक्टर में दोपहिया वाहनों की जमकर खरीदारी हुई है। गंज स्थित खण्डेलवाल हीरो, टीवीएस शोरूम, आदित्य होंडा शोरूम और में वाहनों की खरीदारी करने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

मिठाइयों की सजी दुकानें

शहर में दीपावली के त्यौहार को लेकर होटल संचालकों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान के समक्ष रंग-बिरंगी मिठाइयों की दुकान सजा रखी है। महावीर मिष्ठान के संचालक राजेश जैन ने बताया कि मिठाई की दुकानों पर 300 रुपए किलो से लेकर 1500 रुपए किलो तक मिठाई बिक रही है। इसके अलावा ड्राई फूड से बनी मिठाइयां भी लोगों की खासी पसंद बनी हुई है, वहीं दीपावली के त्यौहार को लेकर नागरिकों द्वारा अपने-अपने घरों पर सीरीज सहित विद्युत रोशनी कर जहां आकर्षक सजावट की गई है। महिलाओं एवं युवतियों ने भी घर के आंगन में आकर्षक रांगोली उकेरी है। मां लक्ष्मी के त्यौहार पर घर और आंगनों की आकर्षक सजावट की गई है जो कि देखते ही बन रही है।

बढ़ती कीमतों से कारोबारी चिंतित

मिठाइयों के दाम पिछले साल के मुकाबले 20 से 30 प्रतिशत बढ़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

दिवाली पर मिठाइयों के दाम पिछले साल के मुकाबले 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। त्योहार पर जिले में 100 क्विंटल से ज्यादा मिठाई बिकने का अनुमान है। इसके लिए दुकानदारों ने तैयारी पूरी कर ली है। हालांकि, बढ़ती कीमतों के कारण ग्राहकी कम होने की आशंका से कारोबारी चिंतित हैं।

कारोबारियों के मुताबिक, दूध, खोया, चीनी, मेवे, बेसन, रिफाइंड तेल, गैस सिलेंडर, पैकेजिंग सामग्री और कारीगरों की मजदूरी महंगी होने से मिठाइयों की लागत बढ़ी है। दूध के दाम 45 से बढ़कर 50 रुपए लीटर और शक्कर के दाम 44 से बढ़कर 60 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं, गैस सिलेंडर की कीमत 1,650 से बढ़कर 2,900 रुपए हो गई है। घी के दाम में भी करीब 150 रुपए की तेजी आई है। ड्राई फ्रूट्स में पिस्ता सबसे ज्यादा महंगा हुआ है। नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल (इंडिया) के मुताबिक, पिस्ता अभी 2,800 से 3,400 रुपए किलो बिक रहा है। पिछले साल दिवाली पर इसकी कीमत करीब 1,200 रुपए किलो थी। मावे की मिठाई पिछले साल 440 रुपए किलो बिक रही थी, जो अब 520 रुपए किलो हो गई है। मलाई की मिठाई के दाम भी 480 से बढ़कर 560 रुपए किलो पहुंच गए हैं। काजू कतली पर लगने वाले गुजरात के वर्क का बंडल 948 से बढ़कर 1,700 का हुआ। हरदा में काजू कतली पर गुजरात से मंगाया गया वर्क लगाया जा रहा है। दुकानदारों के मुताबिक, इसके एक बंडल की कीमत पिछले साल 948 रुपए थी, जो अब बढ़कर 1,700 रुपए हो गई है। मेवे और अन्य कच्चे माल की कीमतें बढ़ने का असर भी मिठाइयों के दाम पर पड़ा है।

दो दर्जन से ज्यादा दुकानों की जांच

दुकानदारों का कहना है कि मिठाई बनाने में शुद्धता और साफ-सफाई का ध्यान रखा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने बताया कि हरदा की दो दर्जन से ज्यादा दुकानों की जांच की गई है। किसी दुकान पर एल्युमिनियम का वर्क नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि अब तक किसी दुकान पर नकली मावे से बनी मिठाई नहीं मिली है। कुछ दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। मावे में गड़बड़ी मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों के स्वास्थ्य से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

2 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार



हरदा। सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात 2 किलो 450 ग्राम गांजे के साथ कुंदन राजपूत (29) को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, गांजा की बाजार कीमत 50 हजार रुपए है। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि पुलिस छीपानेर रोड पर गश्त कर रही थी। उड़ा रेलवे ब्रिज के पास सर्विस रोड पर एक युवक प्लास्टिक की थैली लिए संदिग्ध हालत में बैठा दिखा। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ा और थैली की तलाशी ली। पुलिस ने गांजा जब्त कर कुंदन पिता मानसिंह राजपूत, निवासी विकास नगर, हरदा को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 742/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, कुंदन के खिलाफ अपराध क्रमांक 390/2026 में मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं के तहत पहले भी केस दर्ज है। टीआई ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके परिजनों के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में एसआई मानवेन्द्र भदौरिया, एएसआई भगवानदास यादव, प्रधान आरक्षक हरप्रसाद पटेल और मनीष पाठरिया शामिल रहे। आरक्षक प्रदीप मालवीय, रामनरेश और महिला आरक्षक वैशाली ने भी कार्रवाई में हिस्सा लिया।

पूर्व मंत्री ने पत्रकार वार्ता में दी कई जानकारियां, दीपावली की शुभकामनाएं दी

हरदा जल्द बनेगा प्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला : पटेल

पूर्व मंत्री ने गिनाईं बिजली, सिंचाई और स्वामित्व योजना की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पूर्व मंत्री कमल पटेल ने पत्रकार वार्ता में दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकास के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि हरदा जिले में सिंचाई और बिजली के क्षेत्र में हुए कार्यों से कृषि विकास को नई दिशा मिली है। जल्द ही हरदा प्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनेगा। पटेल ने कहा कि पहले हरदा, टिमरनी, खिरकिया और सिराली सहित कई क्षेत्रों में बिजली की स्थिति अच्छी नहीं थी। इस समस्या के समाधान के लिए 132 केवी बिजली उपकेंद्रों और विद्युत अधोसंरचना के विकास पर काम किया गया। खिरकिया, छीपाबड़, हरदा, सोडलपुर और टेमागांव सहित विभिन्न स्थानों पर बिजली व्यवस्था मजबूत करने की पहल की गई। इसके अलावा 33/11 केवी के अनेक उपकेंद्र स्थापित किए गए। इससे गांवों और खेतों तक बिजली पहुंचाने तथा किसानों को बेहतर वोल्टेज उपलब्ध कराने में मदद मिली। किसानों को खेती के लिए प्रतिदिन करीब 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया गया।



पटेल ने स्वामित्व योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से हरदा जिला देश का पहला जिला बना, जहां प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत शत-प्रतिशत ड्रोन सर्वे पूरा किया गया। जिले के सभी आबाद गांवों में ड्रोन के माध्यम से जमीनों का डिजिटल सर्वेक्षण कराया गया और ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों के मालिकाना हक के दस्तावेज यानी प्रॉपर्टी कार्ड उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को अपनी संपत्ति पर बैंक से ऋण लेने की सुविधा मिली है। इससे जमीन संबंधी विवादों में कमी आने के साथ गांवों में विकास कार्यों की योजना बनाने में भी आसानी हुई है। उन्होंने इसे देश के लिए एक मॉडल बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हरदा की इस उपलब्धि की सराहना की थी।

20 प्रकरणों में 3. 30 लाख जुर्माना

त्योहारी सीजन में 275 नमूने जांच को भेजे, 11 अवमानक

हरदा। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार जांच एवं नमूना लेने की कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोडलपुर स्थित राठौड़ किराना स्टोर से गुलाबजामुन इंस्टेंट एवं सरसों तेल के नमूने लिए। इसी तरह निशा स्वीट से मावा बर्फी एवं पेड़ा के नमूने लिए गए। टीम द्वारा टिमरनी स्थित राजस्थान मिष्ठान भंडार से मिठाई एवं मावा बाटी तथा गुप्ता मिष्ठान भंडार से नमकीन एवं मावा बर्फी के नमूने भी लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए अब तक विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 275 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। इनमें से 35 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिनमें 11 नमूने अवमानक पाए गए हैं। शेष नमूनों की जांच रिपोर्ट आना बाकी है। विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत अब तक 20 प्रकरण प्रस्तुत किए गए हैं। इन 20 प्रकरणों में कुल 3 लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जांच और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



त्योहारों के दृष्टिगत बरती सतर्कता

शांति बनाए रखने जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में पुलिस ने किया पैदल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के द्वारा धनतेरस, दीपावली जैसे प्रमुख पर्वों के दौरान सतर्कता एवं त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए जिला खरगोन के समस्त थाना क्षेत्र में पुलिस फोर्स को मुख्य मार्ग एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सायंकालीन पैदल मार्च/पेट्रोलिंग करने के संबंध निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में जिले के समस्त थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा सायंकालीन पैदल मार्च/पेट्रोलिंग की जा रही है ।

पूर्व में मतदाता पंजीकृत होने के बाद फॉर्म 6 प्रस्तुत करना गलत नहीं माना जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में नाम छूट जाने वाले पूर्व पंजीकृत मतदाताओं के फॉर्म-6 प्रस्तुत करने के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मतदाता नियमानुसार फॉर्म-6 प्रस्तुत कर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। केवल पूर्व में मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के आधार पर फॉर्म-6 प्रस्तुत करना गलत या झूठी घोषणा नहीं माना जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

फॉर्म-6 प्रस्तुत करने की पात्रता

निर्देशों के अनुसार, यदि किसी पूर्व मतदाता का नाम वर्तमान में प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो उसे मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए नियमानुसार नया फॉर्म-6 प्रस्तुत करना होगा। केवल इस आधार पर कि संबंधित मतदाता पूर्व में मतदाता सूची में पंजीकृत था, उसके द्वारा फॉर्म-6 प्रस्तुत करने को गलत या झूठी घोषणा नहीं माना जाएगा।

धारा 31 के तहत कार्रवाई नहीं होगी

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) किसी मतदाता के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत केवल इस आधार पर कार्रवाई प्रारंभ नहीं करेंगे कि वह पूर्व की मतदाता सूची में दर्ज था और उसने वर्तमान पुनरीक्षण के दौरान फॉर्म-6 प्रस्तुत किया है। यह प्रावधान इस शर्त पर लागू होगा कि मतदाता किसी अन्य विधानसभा या संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत नहीं हो तथा उसकी घोषणा कानून के अनुसार सही हो।

बीएलओ और एईआरओ को तत्काल जानकारी देने के निर्देश

सभी संबंधित अधिकारियों को अपने अधीनस्थ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को तत्काल उक्त स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पूर्व मतदाताओं को फॉर्म-6 भरने के संबंध में किसी प्रकार का संशय न रहे और उन्हें सही मार्गदर्शन मिल सके।

चोरी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा, ओमनी वैन बरामद



बैतूल। थाना कोतवाली पुलिस ने ओमनी वैन चोरी के मामले का खुलासा कर आरोपी मनीष उर्फ यश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गई ओमनी वैन भी बरामद कर ली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 07 नवंबर को फरियादी ज्ञानदेव राणे पिता शंकर राव राणे, निवासी वार्ड क्रमांक 04 सारणी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी ओमनी वैन क्रमांक एमपी 48 डी 0493 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गुणवंत बाबा मंदिर के पास, टिकारी से चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 305(बी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। प्राप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही मनीष उर्फ यश पिता बंडु पारखे, उम्र 26 वर्ष, निवासी कृष्णपुरा वार्ड, टिकारी, बैतूल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा ओमनी वैन चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई ओमनी वैन बरामद की गई। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

स्व. रमेशचन्द्र जैन की स्मृति में 12 को लोनारा में लगेगा शिविर

देहदान के बाद तेरहवीं पर रक्तदान का संकल्प, देंगे एक पौधा व पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन लोनारा

सेवा और परोपकार की भावना जब संस्कार बन जाती है, तब वह समाज के लिए प्रेरणा बनती है। ग्राम लोनारा के प्रथम देहदानी स्वर्गीय रमेश चंद जी जैन के पुत्र आशीष जैन अमित जैन परिवार ने पुनः ही अनुकरणीय पहल की घोषणा की है। परिवार के मुखिया स्वर्गीय रमेशचन्द्र जैन के देहदान के बाद अब उनकी तेरहवीं पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि प्रत्येक रक्तदाता को परिवार की ओर से स्मृति स्वरूप एक पौधा और एक पुस्तक भेंट की जाएगी। वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र जैन महावीर सनावद ने बताया कि स्व. रमेशचन्द्र जैन का निधन 30 अक्टूबर 2026 को हुआ था। परिजनों ने 31 अक्टूबर को उनका पार्थिव शरीर इंदौर स्थित अरविंदो मेडिकल कॉलेज को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए समर्पित कर दिया। देहदान के इस निर्णय से परिवार ने मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र आशीष जैन एवं अमित जैन ने पिता की तेरहवीं के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया है। इस निर्णय में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला जैन ने भी सहमति प्रदान की है। परिवार के साथ ग्राम के युवा और अन्य परिजन भी इस पुनीत आयोजन में सहभागी बनेंगे।



रक्तदान के साथ पर्यावरण और ज्ञान संवर्धन की अनूठी पहल

शिविर की विशेष पहल के तहत प्रत्येक रक्तदाता को एक पौधा तथा प्रसिद्ध मोटिवेशन स्पीकर आलोक सेठी द्वारा लिखित पुस्तक 'सच में हैं भगवान पिता' भेंट की जाएगी। परिवार का उद्देश्य रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों को जीवनदान देने के साथ पर्यावरण संरक्षण और ज्ञान के प्रसार को भी प्रोत्साहित करना है। पौधा प्रकृति को संबल देगा, पुस्तक ज्ञान की रोशनी फैलाएगी और रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद जगाएगा।

12 नवंबर को सुबह 9 बजे से लगेगा शिविर

स्व. रमेशचन्द्र जैन की पुण्य स्मृति में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 12 नवंबर 2026 को प्रातः 9 बजे से ग्राम लोनारा में आयोजित होगा। शिविर का आयोजन जैन परिवार एवं ग्राम लोनारा के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें जिला चिकित्सालय खरगोन के ब्लड बैंक द्वारा रक्त संग्रह किया जाएगा। परिवार ने समाजजनों, युवाओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है।

चार माध्यमों से मानवता की सेवा

देहदान से चिकित्सा जगत को नई दिशा मिलती है, रक्तदान से किसी को जीवन मिलता है, पौधे से प्रकृति को संबल मिलता है और पुस्तक से समाज में ज्ञान का विस्तार होता है। स्व. रमेशचन्द्र जैन की पुण्य स्मृति में परिवार की यह पहल केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी संदेश है।